# बारिश में बह गया इचाक पिंडारकोन मुख्य पथ पर बना पुल

## ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, आवागमन पूरी तरह से बाधित



**स्कूली बच्चों की वाहन भी कई किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते से घूम कर स्कूल पहुंच रहे हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के इचाक से पिंडारकोन जाने वाली मुख्य पथ पर बने पुल तेज बारिश के कारण पूरी तरह से बह गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो की इचाक से पिंडारकोन जाने वाली पथ से दर्जनों दो पहिया व चारपहिया वाहनों की आवागमन होती है और सैकड़ो यात्री सफर करते हैं। पुलिया बह जाने के कारण लगभग आधा दर्जन गांव का आवागमन बाधित हो गया है। बता दे की कान्हाचट्टी, पीतीज, सरहेता, चकरवार के लोग हजारीबाग जाने के लिए इसी रास्ते से सफर तय करते हैं। उक्त पथ पर बने पुलिया बह जाने से दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं। उक्त रास्ते से सफर करने वाले रागीरों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की उक्त पुलिया पूर्व में भी क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे मंझगांवां पंचायत की मुखिया सरिता देवी व समाजसेवी बसंत सिंह के द्वारा अपने निजी खर्चे से मरम्मत कराया गया था। जिससे लगभग 7 - 8 माह तक यात्रियों का आवागमन चालू रहा। परंतु बीते शुक्रवार को तेज बारिश के कारण यह पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे लगभग आधा दर्जन गांवों के लोग काफी परेशान है यहां तक के स्कूली बच्चों की वाहन भी कई किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते से घूम कर स्कूल पहुंच रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द पुलिया को दुरुस्त कराने का मांग किया है।

## मवेशी बचाने में वाहन पलटा

**मयूरहंड(चतरा)।** थाना क्षेत्र के दंदाहा घाटी में सोमवार की सुबह मवेशी बचाने के क्रम में वाहन पलट गई। वाहन पर सरिया लोहा बनाने का कच्चा मल लोड था। वाहन को जमशेदपुर से पटना जाना था। रक्षा बंधन को लेकर चालक अपने बहन से राखी बंधवाने अपने गांव जा रहा था। मात्र 12 किलोमीटर पहले वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गई। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद दोपहर तीन बजे वाहन का उठाव किया गया इससे लोगों को सड़क जाम से निजात मिली।

# चतरा सांसद ने मंदिर में की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** चतरा सांसद स्थाना परिसर के मंदिर में चतरा लोक सभा सांसद कालीचरण सिंह अपने कई कार्यताओं के साथ पहुंच कर सावन समाप्ति की पूर्णिमा के अवसर पर पूजा अर्चना किया। मंदिर परिसर मे पूजा करा रहे जनार्दन पाण्डेय ने विधिवत चतरा सांसद को पूजा करवाया। ठीक उसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बारियातू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे आज तक स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने को लेकर मीडिया द्वारा बात चीत की गई। सांसद ने कहा की रघुवर सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन हुआ था। दुर्भाग्य रहा की भाजपा का सरकार नहीं बन पायी। अब यहां के आम लोगों को अधिक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। इस बार की चुनाव मे भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद यहां स्वास्थ्य चिकित्सीय सुविधा देने पर पूरा जोर दिया जायेगा। कहा कि बारियातू प्रखंड 70 हजार आबादी क्षेत्र मे अस्पताल बने पांच वर्ष बित गए, परन्तु अभी तक चिकित्सीय सुविधा बहाल नहीं किया जाना यह वर्तमान सरकार की कमी है। जैसे ही क्षेत्र में भाजपा का विधायक होगा वैसे ही कार्य को पूर्ण करा लिया जायेगा। मौके पर चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंहपरभजपा लव कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह महामंत्री, संजय सिंह, सुमित कुमार चिंटू, उमेश सिंह, माधव प्रसाद, कामाख्या सिंह, थाना प्रभारी राजा दिलावर, एसआई नीरज दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उमरा के लिए 6 जायरीन सऊदी अरब रवाना

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत हुचलु ग्राम से दो व ब्रह्मनी से चार जायरीन सोमवार को उमरा के लिए सऊदी अरब रवाना हुए। बारी पंचायत के पूर्व मुखिया रोबेन उरांव समेत ग्रामीणों ने सबों को माला पहनाकर रवाना किया। जायरीनों में हुचलु ग्राम से इसलाम अंसारी,मुजीब अंसारी, ब्रह्मणी से हजरत अंसारी व उनकी पत्नी समेत सदीक अंसारी,साकिर अंसारी के नाम शामिल है। जायरीनों ने कहा कि देश,राज्य समेत क्षेत्र में अमन-चैन के लिए दुआ करेंगे। मौके पर नईम अंसारी,हाजी हाफिज अंसारी,सदिक अंसारी,तैयब अंसारी,सदुल अंसारी,मंसूर अंसारी,इदरीस अंसारी,महबूब अंसारी,इलियास अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला मोड़ के समीप राजेन्द्र उरांव की नाबालिग पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात्रि की बतायी जा रही है। परिजनों की सूचना के बाद चंदवा पुलिस सोमवार की सुबह मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। परिजनों के मुताबिक उनकी पुत्री रविवार की रात्रि खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गयी। अहले सुबह जब मां ने देखा तो उसकी पुत्री अपने कमरे में नहीं थी। परिजनों ने इधर-उधर खोजबीन की तो बरामदे में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटका पाया। जब तक परिजन कुछ कर पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के रोने चिल्लाने के बाद आसपास के लोग जमा हो गये। हालांकि नाबालिग ने किस कारण आत्महत्या की है, इसका पता नहीं चल पाया था। मामले को लेकर चंदवा पुलिस पड़ताल में जुटी है।

### यादव होटल का शुभारंभ

**कुन्दा(चतरा)।** कुंदा के बेल चौक स्थित बैंक रोड में यादव होटल का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। होटल के संचालक राजेश यादव ने बताया कि उनके यहां शाकाहारी और मांसाहारी भोजन दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध है। साथ ही चौमिन, चिल्ली, अंडा रॉल और अन्य सभी प्रकार के चाइनीज भोजन भी मिलेंगे। होटल में ग्राहकों को स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन किफायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### रक्षाबंधन पर भाइयों ने लिया रक्षा का संकल्प

**बारियातु।** प्रखण्ड क्षेत्र मे रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में तैयारियां की गई थी। सोमवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा-अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाईयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का संकल्प भाईयों से लिया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे-बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने रविवार की रात में प्लानिंग कर ली थी जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी। भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। राखी पूर्णिमा को लेकर सुबह से सभी भक्त स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना किया। बहन अपने भाईयों की कलाई में रक्षा सुत बांध कर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया।

# युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर बैठक

## जनसंपर्क के तहत रैली में भाग लेने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में महुआडांड़ मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल की अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक की हुई। बैठक में उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी मुकेश पांडेय, जिला क देवराज सिंह, अमिताभ धीरज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरे कृष्णा सिंह, राकेश दुबे, जिला मंत्री शंभू प्रसाद, युवा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भुवनेश्वर सिंह द्वारा पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारीयों ने कार्यकताओं को इस रैली में शामिल होने एवं अपने बूथ स्तर पर लोगों को आक्रोश रैली से जोड़ने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक के बाद उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों र्यकर्ताओं को 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक के बाद उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों । उपाध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री सुनील कुमार जायसवाल, बजरंग दल के संयोजक सूरज साहू, प्रशांत सिंह, चंदन सिंह, रामकुमार जायसवाल, नईम खान, मंडल युवा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह, आनंद किशोर नाथ शाह, संजय राय, अजय कुमार, सर्वेश कुमार, प्रशांत नाथ शाह समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जंगली सियार के हमले में दो महिला घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के चिरू पंचायत अंतर्गत डूमरटाड़ गांव में एक जंगली सियार के हमले से दो महिला घायल हो गई। घायल महिलाओं में डूमर टाड़ गांव निवासी वजीर अंसारी की पुत्री नफीसा खातून व रजाऊल अंसारी की पत्नी सावरा बीवी है। घायल दोनों के परिजनों इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त दोनों महिलाएं नदी से सटे मक्का की फसल में उर्वरक डालने का कार्य कर रही थी। इस बीच एक जंगली सियार ने उन पर हमला बोल दिया। घायल सावरा बीवी को गंभीर चोट आई है, जबकि नफीसा खातून का हाथ लहूलुहान हो गया है। इस घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

## भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन उल्लापूर्ण वातावरण संपन्न

**लातेहार।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक राखी का पवित्र त्योहार जिला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक दिन भर विशेष चहल-पहल रही। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबे जीवन, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। भाईयों ने भी बहनों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सुरक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर हर तरफ हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। मिठाइयों की भी खूब बिक्री हुई। दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ रही। रक्षाबंधन भाई और बहन के प्यार का प्रतीक माने जाने वाला त्योहार है। इसे राखी के नाम से भी जाना जाता है। रक्षाबंधन का अर्थ है रक्षा का बंधन। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई अपनी बहनों की सुरक्षा का वचन देते हैं। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के भाव को समर्पित है। हालांकि इस बार रक्षाबंधन पर्व का शुभ मुहूर्त दोपहर डेढ़ बजे के बाद था, इसलिये बहनों को राखी बांधने के लिए लंबा उपवास रखना पड़ा। छोटी बहनें व भाई अपना उपवास तोड़ खाना खाकर इस पवित्र पर्व की रस्म अदायगी की।

### रक्षा बंधन का त्योहर धूमधाम से संपन्न

**बालूमाथ।** भाई बहनों का अटूट व निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बहनों ने अपने भाइयों के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधकर लंबे उम्र और वैभव की कामना की। बता दें कि रक्षाबंधन का त्यौहार को लेकर बालूमाथ मुख्य बाजार में काफी चहल पहला देखी गई। खास कर राखी की दुकानों व मिठाई की दुकानों में भीड़ देखी गई, जहां पर बहनों ने दुकानों से रंग बिरंगी आकर्षक राखियां खरीदी। मिठाइयों की दुकानों में भी लड्डू, पेड़ा बर्फी का डिमांड रहा। वहीं त्यौहार को लेकर बालूमाथ थाना पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील।

### रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**चंदवा।** भाई बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक रक्षा बंधन सावन मास के पूर्णिमा तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा नक्षत्र समाप्त होते ही वर्षो से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके दीर्घायु सावन मास के पूर्णिमा तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा नक्षत्र समाप्त होते ही वर्षो से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके दीर्घायु मीण इलाकों के शिवालयों में भीड़-भाड़ देखी गई। रक्षा सूत्र बांधने से पहले बहन ने अपने भाई को तिलक लगाया और आरती उतारी। इसके बाद रक्षा सूत्र बांधा और भाई को मिठाई खिलाकर अपने भाई के प्रति अटूट प्रेम और विश्वास जताया।

# भद्रकाली मंदिर में हजारों की भीड़ ने की पूजा अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी।** सोमवार को सावन पूर्णिमा के मौके पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करने के पश्चात शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंचमुखी हनुमान जी मंदिर, कौठेश्वर नाथ मंदिर, राम जानकी, शनिदेव मन्दिर, छोटा हनुमान जी मंदिर, सुफल नाथ मंदिर समेत अन्य देवालय में भी पूजा-अर्चना की। सावन पूर्णिमा के मौके पर रात से ही श्रद्धालुओं का जत्था आना शुरू हो गया था। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगने वाले मेले का लुफ्त उठाया।



झारखंड के अलावा बिहार बंगाल से भी श्रद्धालुओं ने माता भद्रकाली मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर अन्न दान किया। भीड़ ज्यादा होने के कारण प्रशासन ने विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करवा कर मंदिर में प्रवेश करवाया। भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने बड़े वाहन तथा दोपहिया वाहन को वन पोखर के समीप ही पार्किंग करवाया। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने पूरे मंदिर परिसर घूमघूम कर जायजा लेते रहे। बता दें कि श्रद्धालुओं का जत्था चतरा, गिद्धौर, पितिज, पत्थलगड्डा, चौपारण, दैहर, बेढना, मयुरहंड के विभिन्न पंचायत समेत अन्य स्थानों से पैदल चलकर मां भद्रकाली मंदिर परिसर पहुंच कर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## प्राकृतिक सुंदरता पर्यटक व श्रद्धालुओं को करता है आकर्षित

# सावन की अंतिम सोमवारी पर महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

कुंदा (चतरा)। सावन के अंतिम सोमवारी पर ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक कर अप मेटी के लोग सहयोग दे रहे थे। करते हुए कहा कि हमें मिलकर इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए काम करना चाहिए। मौके पर जीतेन्द्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, समेत अन्य क पहुंचने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनता है। महादेव मठ के पुजारी ने बताया कि सावन व फाल्गुन के महीने में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, क्योंकि लोग भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए यहां विशेष रूप से आते हैं। ज्ञात हो की महादेव मठ की प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के कारण यह तीर्थ स्थल पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक स्थल बन गया है। वहीं सावन पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थल में मठकमेटी की ओर से हरि कीर्तन के साथ-साथ भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। वही मठ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने सरकार से पर्यटन स्थल को और विकसित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्यटक विभाग द्वारा ऐतिहासिक तीर्थ स्थल को विकसित करने में थोड़ी सहयोग मिली है, लेकिन अभी भी कई अन्य कार्य को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने ने ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेवमठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए और भी प्रयास किए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि झारखंड बिहार के लाखों भक्तों की आस्था इस तीर्थ स्थल से जुड़ी हुई है, जो पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। महादेव मठ एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाला स्थल है, जो पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थल बनता जा रहा है। सरकार इस पर्यटक स्थल पर पहल करती है तो यह स्थल पर्यटन के मानचित्र पर अपनी जगह बना सकता है। अध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि महादेव मठ का विकास न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने सरकार से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हमें मिलकर इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए काम करना चाहिए। मौके पर जीतेन्द्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, समेत अन्य कमेटी के लोग सहयोग दे रहे थे।



### पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा की रही धूम

लातेहार सावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर लातेहार जिले मुख्यालय के बाजारटांड स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में शिव भक्तों का बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सावन की अंतिम सोमवारी होने की वजह से प्राचीन शिव मंदिर के अलावे अन्य शिवालयों में भोलेनाथ पर जलार्पण और बेलपत्र अर्पित करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। सुबह से ही भक्तों का शिवालयों के बाहर जमावड़ा लगा था। प्राचीन शिव मंदिर में भोला दास, मनोज दास और दिलीप शुक्ला ने लोगों का मंत्रोच्चार कराकर पूजा संपन्न कराया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सावन के इस अंतिम सोमवारी को संपन्न हुए इस आयोजन ने स्थानीय समुदाय के बीच एकता और धार्मिक आस्था को और भी प्रगाढ़ किया। मौके पर स्थानीय प्रशासन द्वारा भी मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भक्तों ने शिवरात्रि के इस विशेष दिन को धूमधाम से मनाते हुए पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न की और भगवान शिव से अपने परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### ब्रह्मा कुमारी बहनों ने सीआरपीएफ के जवानों की बांधी राखी

लातेहार प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरिय विश्व विद्यालय बाईपास रोड द्वारा सोमवार को सीआरपीएफ के किनामाड़ कैंप में जवानों को राखी बांध लंबी उम्र की कामना की। साथ ही मौके पर सभी जवानों का मुंह मीठा कराया। मौके पर बीके अमरीता और बीके आशा द्वारा प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरिय विश्वविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेडिटेशन करने की विधि बतायी गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजमणि प्रसाद, आशीष भाई, राज मनीष भाई, नवीन भाई, सुनीता माता, अनिता माता, राधिका माता ने भाग लिया। इसके बाद मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को संस्था के बहनों के द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया और लम्बी उम्र की कामना की गई।

### यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट बंधन और प्रतीक

गिद्धौर(चतरा) भाई बहन के अटूट प्रेम विश्वास के प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन सोमवार को सम्पूर्ण प्रखंड में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के दिन बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और अपने भाईयों के सुरक्षा की कामना करती हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट बंधन और प्रतीक है। रक्षा बंधन का त्योहार हर सावन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें नए कपड़े पहनकर अपने भाई को राखी बांधती हैं और तिलक कर आरती भी उतारती हैं। इसके बाद भाई अपनी बहन को उपहार देते हुए उनकी हमेशा रक्षा करने का वचन देते हैं।

